प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया है कि ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत की निर्णायक कार्रवाई की गूंज पूरे विश्व ने सुनी है। नई दिल्ली में विजय दिवस के उपलक्ष्य में वेटरन्स इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वदेशीकरण की ओर अग्रसर है।

****

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने छात्रवृत्ति भुगतान में कथित लापरवाही के विरोध में आज रांची में राज्य सरकार का पुतला दहन किया। युवा मोर्चा ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसको लेकर जिला स्कूल परिसर से अल्बर्ट एक चौक तक शव यात्रा निकालकर प्रदर्शन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज और जिला अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने सरकार पर वादा खिलाफी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

****

पश्चिमी सिंहभूम में यात्रियों की बढ़ती परेशानियों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व सांसद मधु कोड़ा ने दक्षिण–पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक से डंगुआपोसी में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। श्री कोड़ा ने चक्रधरपुर रेल मंडल से चलने वाली एक्सप्रेस, पैसेंजर, डीएमयू और शटल ट्रेनों की लगातार पांच से छह घंटे की देरी पर चिंता जताई और समयपालन में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन यात्री कठिनाइयों को समझते हुए जल्द प्रभावी कदम उठाए, ताकि ट्रेनों का संचालन समय पर हो और क्षेत्रवासियों को राहत मिले।

****

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति विधायक सरयू राय और जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर का देवघर पहुँचने पर उपायुक्त नमन प्रियेष लकड़ा ने स्वागत किया। उपायुक्त ने बताया कि आज देवघर परिसदन के सभागार में झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की बैठक आयोजित की गई।

****

लोहरदगा जिला में बाल विवाह को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

****

धनबाद सरायढेला थाना क्षेत्र के विकास नगर स्थित एक आवास में कल देर रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक 70 वर्षीय महिला और एक 18 वर्षीय युवक की झुलसकर मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

****

धनबाद रेलवे ग्राउंड में सांसद खेल महोत्सव के तहत टी–10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अनुसार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमें सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचेंगी।

*******समाप्त*******